SHRI RAGHU RAMAIAH : Gas is sold at different prices by different companies. So far as Delhi is concerned Burmah Shell, I understand, is selling 14.5 kilograms at Rs 21.91, ESSO is selling 12.8 kilograms at Rs. 19.34, and IOC is selling 15 kilograms at Rs. 21.78, depending on the cost of production, agency dealership terms and various other factors.

SHRI SAMAR GUHA : About gas combinations there are the somewhat lower aliphatic and aromatic type of compounds also. Propane and butane are of the higher types The lower types can very easily be absorbed by water and they can be converted into alcohol. May I know whether methane and benzine can be thus utilised and used for chemical purposes and, if so, may I know why Government is not making a survey for the utilisation of these lower fraction of compounds ? Secondly, Minister has stated that the difficulty is in preparing cylinders and that too of a particular type of steel. Have the Government enquired about the possibility of manufacturing that special type of steel for the preparation of cylinders; if so, may I know when that type of steel in in adequate quantity can be produced in the country ?

SHRI RAGHU RAMAIAH : A part of it is already being manufactured in the country. It is difficult to say when the whole quantity will be manufactured. As regards chemical analysis of other fractions, I am sure effort is made to find out the most economic use of them. In any case, it is a valuable suggestion and will be certainly considered.

SHRI SHEO NARAIN : If the Government cannot solve the problem in the public sector, why do they not hand it over to the private sector ?

MR. SPEAKER : Even if they want to hand it over, will they say it now ?

SHRI PILOO MODY : Let them confess it, one way or the other.

### पिछड़े वर्ग क्षेत्र में लद्दाख का शामिल किया जाता

1509. श्री कुशोक बाकुला : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शिक्षा, आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में लद्दाख देश के अन्य भागों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है;

(ख) यदि हां, तो लद्दाख को पिछड़े वर्गों वाले क्षेत्रों में सम्मिलित करने के लिए सरकार से बार-बार अनुरोध किये जाने पर भी लद्दाख को पिछड़े वर्गों वाले क्षेत्र में शामिल न करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या लद्दाख को अब पिछड़े वर्गों वाले क्षेत्रों में शामिल करने का विचार है ?

समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० श्रीमती फूलरेणु गुह) : (क) यह मत का विषय है। पहले भी देश के अनेक भागों से इस प्रकार के दावे किए गए हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता। उसके अतिरिक्त संविधान के अनुच्छेद 244 (i) तथा 242(i) जम्मू तथा कश्मीर पर लागू नहीं होते हैं।

(ग) इस प्रकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। "पिछड़े वर्ग क्षेत्र" पद की सार्थकता समझ में नहीं आती है।

SHRI SHIVAJIRAO S. DESHMUKH : The question itself asks for the opinion of the Government and the answer is that it is a matter of opinion.

SHRI RANGA : Some clerk has written the answer and the Minister has read it.

श्री कुशोक बाकुला : लद्दाख शिक्षा, आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में देश के अन्य भागों की तुलना में बहुत अधिक पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र को पिछड़े वर्गों वाले क्षेत्र में सम्मिलित करने के लिये मैं आपसे बार-बार निवेदन करता रहा हूँ। मैं आपसे फिर अनुरोध कर रहा हूं कि लद्दाख की हालत को देख कर इस को किसी भी सूरत में शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के वर्ग में शामिल किया जाय ?

DR. SHRIMATI PHULRENU GUHA: I have already explained, that according to the Constitution Ladakh cannot be declar-

ed as a Scheduled Caste or Scheduled Tribe area. But I may say that the Home Ministry have declared Ladakh as a border district and, accordingly, they are taking up the development work.

श्री कुशोक बाकुला : लाहौल, स्पीति, किन्नौर जैसे क्षेत्र इस समय पिछड़े वर्गों में शामिल हैं, लेकिन लद्दाख तो इन सब में पिछड़ा हुआ है। इस लिये मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप संविधान के कानून में संशोधन करके इसको अवश्य पिछड़े वर्गों में शामिल करें ?

DR. SHRIMATI PHULRENU GUHA: This is a suggestion. Since it is under the Home Ministry, we will inform them of the wishes of the hon. Member.

श्री बलराज मधोक : अभी मंत्री महोदया ने जवाब दिया है कि हम उसको बैकवर्ड डिक्लेअर नहीं कर सकते, क्योंकि संविधान इस की इजाजत नहीं देता। मैं पूछना चाहता हूं कि जम्मू और काश्मीर क्या भारत का अंग नहीं हैं, आखिर कब तक हम यह जवाब सुनते जायेंगे। जब उसको हम देश का अंग मानते हैं तो फिर संविधान क्यों लागू नहीं होता। अगर संविधान कोई रुकावट डालता है तो हम उसमें अमेण्डमेंट क्यों नहीं करते। क्या यह तथ्य नहीं है कि लद्दाख हर दृष्टि से—सांस्कृतिक दृष्टि से, आर्थिक दृष्टि से, अन्य सभी बातों में बिल्कुल उसी प्रकार है, जिस प्रकार लाहौल और स्पिति है, बल्कि एक ही क्षेत्र है। अभी चन्द दिन हुए यहां पर एक प्रश्न के जवाब में कहा गया था कि मनाली-लाहौल सड़क बन रही है, जिससे लद्दाख और लाहौला जुड़ जायेंगे। जब आपने लाहौल और सपिति को बैकवर्ड एरिया डिक्लेअर किया हुआ है, तो फिर लद्दाख के साथ भेद-भाव क्यों किया जा रहा है मैं इसका स्पष्ट उत्तर चाहता हूं ?

श्री अशोक मेहता : हम लद्दाख को शेड्यूल्ड एरिया नहीं बना सकते, क्योंकि संविधान के दो आर्टिकल्ज जम्मू और कश्मीर पर लागू नहीं होते हैं और अभी लागू न किये जायें—ऐसा इस वक्त गवर्नमेंट का फैसला है। जहां तक दूसरे सवाल का ताल्लुक है—प्लानिंग कमीशन ने तीसरे प्लान में लद्दाख के लिए अलग प्लान बनाया था। जब जम्मू-कश्मीर का प्लान बनता है, तो लद्दाख के लिए स्पेशल डवेलपमेंट का प्लान बनाया जाता है, उस के बारे में पूरा ध्यान दिया जाता है, उसके आर्थिक विकास की तरफ कोई लापरवाही नहीं की जाती।

श्री बलराज मधोक : आप कहते हैं कि संविधान लागू नहीं होता, मैं पूछना चाहता हूं—आप इस मंत्रालय के मंत्री है, अगर आपको संविधान से कोई रुकावट पैदा होती है आप गवर्नमेंट को कहिये कि इसमें यह रुकावट आती है, इस लिए संविधान में संशोधन किया जाय, ताकि लद्दाख के बारे में रुकावट न रहे।

आपने प्लानिंग कमीशन के बारे में कहा—आप नागालैंड का अलग से प्लान बनाते हैं—यह सवाल नहीं है कि आप डवेलपमेंट करते हैं या नहीं करते हैं सवाल यह है कि जिस प्रकार लाहौल, स्पिति शेड्यूल्ड एरिया हैं, उसी प्रकार लद्दाख भी शेड्यूल्ड एरिया है, उसके साथ यह भेद-भाव क्यों किया जा रहा है।

श्री अशोक मेहता : वहां पर आर्टिकल्ज लागू नहीं किये गये हैं और न लागू करने का इस वक्त सरकार का विचार है।

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI: It is one of the directive principles of the Constitution that economically backward areas should get priority in development so that the regional economic imbalance can be removed. Since Ladakh is a backward area, may I know whether the Government have any special areas development scheme develop such backward areas ?

SHRI ASOKA MEHTA: I want to make it clear that every scheme is not applied to every area. While drawing up the Five Year Plan for Jammu and Kashmir special, separate and specific provisions

are made for Ladakh. They were made in the Third Plan and they will be made in the Fourth Plan also. I have also assured the hon. Member that as far as Ladakh is concerned, my department will also take special interest and see that these provisions are made.

**श्री सरजू पाण्डेय** : अभी माननीय मंत्री जी ने बताया कि लद्दाख के लिए स्पेशल ध्यान दिया जा रहा है, चौथी पंचवर्षीय योजना में इसके विकास के लिए खास तौर पर कोशिश की जा रही है। मैं जानना चाहता हूं कि उस के विकास के लिये कौन-कौन सी मुख्य योजनाएं मंत्रालय के विचाराधीन है ?

SHRI ASOKA MEHTA : I have not got the details with me. The questions asked was "is it being taken as a backward area ?" to which I said "Yes, special attention is being given and there is a special plan for Ladakh". It cannot be treated as a Scheduled Area because the appropriate articles of the Constitution have not been applied to that area.

SHRI INDER J. MALHOTRA : During the Third Plan period certain agricultural and other schemes were taken up, as far as Ladakh is concerned. May I know whether any Minister has any idea about the success, achievement or failure of those schemes ?

SHRI ASOKA MEHTA : I have not got the information with me. I can make inquiries and let him know.

SHRI RANGA : I wish the hon. Minister had some hand in drafting the reply that was given to this question, instead of allowing his department to write it up as if this was a question put up in the usual fashion by a usual Member and they could simply dispose of it and in that heartless and bureaucratic fashion. I have no quarrel with the two replies which my hon. friend, Shri Asoka Mehta, has given just now. But, at the same time, I would like the Government as a whole, not this particular department alone, to assure the House in general, as well as this hon. Member in particular, that they would not commit the same mistake that they committed in regard to Mizos. When the Mizos asked for some religious concession, development, establishment of a university and so on, all those demands were neglected and we know the consequences. I want the Government, not from the narrow standpoint of the particular Ministry but the Government as a whole, to assure them that they would not commit the same mistakes and that they would certainly pay special attention and take special steps to help the Ladakh area to get out of its sloth and the feeling of despondency and depression from which it has been suffering for such a long time.

SHRI ASOKA MEHTA : I completely agree with the hon. Member and I can assure him that is the approach which we have and that is why I pointed out that Ladakh had and will continue to have a special development plan of its own, within the plan for the State of Jammu and Kashmir. The money allotted for Ladakh cannot be transferred to some other area ; it has to be spent in Ladakh. The hon. Member saw me sometime back and he discussed with me certain important schemes which have been taken up and I have assured him that I am taking this up. The Planning Commission, although it is not my direct responsibility, because it is a very serious matter, and as pointed out by the hon. Member, whatever we can do to improve the conditions in Ladakh is a national responsibility.

**श्री बूटा सिंह** : कुछ समय हुआ हम पार्लियामेंट के मेम्बरों की एक टीम लद्दाख गई थी, हम ने वहां पर उन की जो हालत देखी, वह यहां कोठियों में रहने वाले मंत्री कैसे देख सकते हैं। वहां इलाका इतना ज्यादा बैकवर्ड इलाका है कि शायद हिन्दोस्तान में उतना बैकवर्ड इलाका कहीं नहीं होगा। न वहां पर पीने के लिये पानी है और न खाने के लिये भोजन। यहां पर यह कह कर प्रश्न को टाल देना कि संविधान रास्ते में आता है—मुनासिब नहीं है। मैं मन्त्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि क्या संविधान के दायरे में रह कर लद्दाख के बैटरमेन्ट के लिये कुछ नहीं किया जा सकता ?

SHRI ASOKA MEHTA : It is very difficult to understand the idea of the question. Is it that if an area is declared as a Scheduled Area then alone it shall be developed ? There are certain norms and there are different schemes. Take Chanda district. It is treated as an area for special development. Some other district may be treated in some other way. There are a number of schemes and all schemes are not applied to the same place. As far as Ladakh is concerned, I have made it very clear that a special development programme has been taken up and will be carried forward and I will pursue it further. It cannot be that every scheme must be applied to every district and that if it is not applied we are neglecting it.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : लद्दाख को आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा क्षेत्र घोषित करने के सम्बन्ध में अभी आपने कहा कि संविधान की दो धारायें बाधक हैं। मैं समझता हूँ कि समाज कल्याण मंत्री शायद इस का अधिकारपूर्ण उत्तर इस लिये नहीं दे पा रहे हैं, क्योंकि गृह मंत्री और उप प्रधान मंत्री दोनों यहां सदन में उपस्थित हैं। मैं उन्हीं से पूछना चाहता हूँ कि जब बार बार इस सदन में यह घोषणा हो चुकी है कि संविधान की धारा 370 काफ़ी हद तक घिस चुकी है और भी बाकी घिसते-घिसते घिस रही है। मैं जानना चाहता हूँ कि आखिर अन्तिम रूप से कौन सी तिथि वह आयेगी, जब कि यह धारा, जम्मू काश्मीर सम्बन्धी, समाप्त हो जायगी, इस के सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

SHRI BAL RAJ MADHOK : Let the Home Minister give an answer.

SHRI ASOKA MEHTA : I am concerned only with whether a particular area should be declared as Scheduled Area. I have said that it cannot be done. But because of that Ladakh is not suffering and will not be permitted to suffer. There will be no disablility or disadvantage. I will give that assurance.

**श्री प्रकाश वीर शास्त्री** : अध्यक्ष महोदय, आपने मेरा प्रश्न सुना है। माननीय उप प्रधान मन्त्री और माननीय गृह मन्त्री मौजूद हैं, उनसे इसका सीधा सम्बन्ध है। मैं बार बार कह चुका हूँ कि 370 धारा काफी घिस चुकी है। इस प्रश्न को टाला क्यों जा रहा है। इसका उत्तर स्पष्ट भाषा में आना चाहिये।

MR. SPEAKER : That is all right. The concerned Minister has answered. I am not prepared to ask all the Ministers to answer.

**श्री मोलहू प्रसाद** : संविधान में 22 बार संशोधन किया गया जा चुका है। क्या समाज कल्याण के हित में आप एक बार और संशोधन नहीं कर सकते हैं ?

SHRIMATI TARKESHWARI SINHA: I would like to know whether any relative evaluation is made from time to time of the *per capita* expenditure of those regions which are hilly and Himalayan and how the *per capita* expenditure incurred in Ladakh compares with the *per capita* expenditure incurred in the hilly regions and what is the difference between the *per capita* incomes of other hilly regions like Nagaland and Mizoland and Ladakh.

SHRI ASOKA MEHTA : The Planning Commission will be able to give that answer. I have not got the figures.

## SHORT NOTICE QUESTION

### बिहार में डेहरी-ओन-सोन-गोमो तथा बरौनी-सुपौल (मीटर गेज लाइन) सैक्शनों के बीच बिना टिकट यात्रा

+

S.N.Q. 27. **श्री मोलहू प्रसाद :**
**श्री वेणी शंकर शर्मा :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार राज्य में डेहरी ओन-सोन तथा गोमो (बड़ी लाइन) और बरौनी तथा सुपौल (मीटर गेज लाइन) सेक्शनों के बीच चलने वाली गाड़ियों में बहुत बड़ी संख्या में लोग बिना टिकट यात्रा करते हैं;